यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब (यूआइएच) नैनी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम स्टार्टअप कोनफ्लूएंस-2024 कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नन्दी का स्वागत करते डा. जगदीश गुलाटी व डा. सतपाल गुलाटी● सौ. संस्थान

युवाओं के सपनों को रंग दे रही स्टार्टअप इंडिया योजना : नन्दी

वि, प्रयागराज : आज का दौर स्टार्टअप का है। आज का युवा नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वालों की भूमिका अपना रहा है। स्टार्टअप के कारण आज व्यापार एवं उद्योग जगत में नई क्रांति आई है। इसने उन चीजों को संभव बना दिया है, जिनके बारे में कुछ साल पहले तक कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था। यह बातें उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब (यूआइएच) नैनी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम स्टार्टअप कोनफ्लूएंस-2024 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। नन्दी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया योजना के कारण आज युवाओं को अपने सपनों में मनचाहे रंग और उड़ान भरने के भरपूर अवसर मिले हैं। वर्तमान में देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स को यूनिकार्न श्रेणी में शामिल किया गया। कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश में स्टार्टअप्स को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यूनाइटेड ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआइ) के अध्यक्ष डा. जगदीश गुलाटी एवं वाइस चेयरमैन डा. सतपाल गुलाटी ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। यूआइएच के सीईओ शिवेश गौर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सतपाल गुलाटी ने आभार ज्ञापित किया व संचालन श्रुति शर्मा ने किया।